53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

न्यूनतम 11.6°c | अधिकतम 28.9 °c

**अमृतवाणी**
मन ऐसा पवित्र स्थान है, जहां आपकी अनुमति के बिना कोई बुरी चीज प्रवेश नहीं कर सकती

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

सूर्योदय - 6:11, सूर्यास्त - 6:36 | वर्ष : 53/ अंक : 87 | रविवार, 30 मार्च 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये | कुल पृष्ठ-4

**यह मुज़फ़्फ़रनगर है...**



सरकार के कुप्रबंधन ने बैंकिंग क्षेत्र को बर्बाद कर दिया : राहुल गांधी

कौन से देश की सरकार की बात चल रही है?.......

# लोगों का दम घोट रहा कोल्हुओं की चिमनियों का धुआं, औपचारिकताएं निभा रहा प्रदूषण विभाग

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** आए दिन प्रदूषण फैलाने वाली फैक्ट्रियों की चिमनियों की तस्वीर व वीडियो खुलेआम देखने को मिलती हैं। जैसे ही वीडियो जारी होती है, प्रदूषण विभाग फैक्ट्रियों के नोटिस काटने की औपचारिकताएं पूरी करके वापस लौट आता है, मगर पूरे जनपद में कोल्हुओं के चिमनी के धुएं लोगों का दम घोटते साफ दिखाई पड़ रहे हैं। ऐसी ही एक तस्वीर शाहपुर के निकट स्थित गांव आदमपुर के कोल्हू की सामने आई है, जिसमें लगभग दो किलोमीटर दूरी के अंदर धुएं के बादल खुलेआम दिख रहे हैं। मगर मजाल है कि जो प्रदूषण विभाग इन्हें कुछ कहने को चला जाए। जनता भी मूकदर्शक होकर सिर्फ अपने मौहल्ले तक चीख-चीखकर खामोश हो जाती है, क्योंकि उन्हें पता है कि शिकायत करने पर भी होना कुछ नहीं है। अधिकारी जाएंगे, कुछ दिन के लिए औपचारिकता निभाएंगे और फिर ढाक के तीन पात होते दिखाई देंगे। ऐसा ही मुजफ्फरनगर जिले में हरेक मामले में होता दिखाई देता है। चाहे बिजली की शिकायत हो, चाहे चालान काटने की, चाहे अवैध ई रिक्शाओं की या फिर प्रदूषण विभाग की। सारे विभाग आमजन की शिकायत मिलते ही दो चार दिन कार्यवाही का ढोंग रचकर बाद में अपने एसी दफ्तरों में आराम की हवा खाते हैं और इंतजार करते हैं कि दोबारा कब शिकायत हो और वे इस शिकायत की औपचारिकता पूरी करने जाएं व फैक्ट्री मालिकों का चालान काटकर वापस आएं।



## ऑपरेशन के दौरान पेट में छोड़ा रुई का बंडल

**मेरठ, 29 मार्च (एजेंसी)।** पांच साल पहले डिलीवरी ऑपरेशन के दौरान पेट में रुई की बंडल छोड़ने के मामले में मेरठ में डॉ. शिखा जैन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। रासना गांव की पीड़िता रजनी शर्मा की शिकायत और कोर्ट के आदेश पर टीपी नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोर्ट में दिए प्रार्थना पत्र में रासना निवासी रजनी शर्मा ने बताया कि 30 जून 2018 को उन्होंने सिरोही नर्सिंग होम में बेटी को जन्म दिया था। डिलीवरी ऑपरेशन से डॉ. शिखा जैन ने कराई थी। डिलीवरी के बाद लगातार उनके पेट में दर्द रहने लगा। वह कई बार डॉ. शिखा जैन के पास गई।

## म्यांमार में भूकंप से मरने वालों की संख्या 1654 हुई

**यांगून, 29 मार्च (वार्ता)** म्यांमार में आए 7.7 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप में मरने वालों की संख्या बढ़कर 1,564 हो गई है और आशंका है कि यह संख्या और भी बढ़ सकती है। यह जानकारी शनिवार को मीडिया रिपोर्टों में दी गई। भूकंप का केंद्र म्यांमार के मांडले क्षेत्र में था, जिसने दुनिया के सबसे गरीब देशों में से एक को तबाह कर दिया। सरकारी एमआरटीवी ने कहा कि इसके 11 मिनट बाद 6.7 तीव्रता का दूसरा भूकंप आया। म्यांमार के पड़ोसी देश थाईलैंड में कम से कम 10 लोग मारे गए हैं और 100 से अधिक लोग लापता हैं, उनमें से कई बैंकॉक में एक 33 मंजिला इमारत के मलबे में फंसे हुए हैं। एनबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, म्यांमार एक एकांतप्रिय राज्य है, जिसका संचालन सैन्य सरकार द्वारा किया जाता है तथा वहां सूचनाओं पर कड़ा नियंत्रण है, वहां मृत्यु और विनाश के पूर्ण पैमाने के बारे में सीमित विवरण उपलब्ध हैं। म्यांमार की सैन्य सरकार ने मांडले और राजधानी नेपीडॉ सहित कई क्षेत्रों में आपातकाल की घोषणा की और कहा है कि सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों में खोज और बचाव अभियान जारी है। म्यांमार के लिए अंतरराष्ट्रीय रेड क्रॉस के निदेशक मोहम्मद रियास ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि इस भूकंप से हुई तबाही का पूरा आकलन कई सप्ताह तक स्पष्ट नहीं हो पाएगा।यह आपदा म्यांमार में चल रहे गृह युद्ध के कारण और भी जटिल हो गई है, जो पिछले चार वर्षों से जारी है, जिसके कारण सहायता तक पहुंच सीमित बनी हुई है, संसाधनों पर दबाव पड़ रहा है, तथा भूकंप आने से पहले ही लाखों लोग संकट में हैं।



## मां दुर्गा की प्रथम शक्ति

**।। शैलपुत्री ।।**



वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम।
वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम।।

शेष : पृष्ठ-3 पर

## हिन्दू संगठनों ने दिखाया दम, बोले-आदेश आने से पहले लक्ष्मीनगर नाम रख देंगे हम

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** हिन्दू नववर्ष से एक दिन पहले हिन्दू युवा वाहिनी के कार्यकर्ताओं ने एक अनोखे कार्य को अंजाम दिया और रेलवे स्टेशन पर पहुंचकर मुजफ्फरनगर स्टेशन के द्वार पर लक्ष्मीनगर नाम का बैनर टांग दिया और जमकर जय श्री राम के नारे लगाए। आपको बता दें कि अभी किसी भी सदन में मुजफ्फरनगर का नाम लक्ष्मीनगर करने की घोषणा नहीं हुई। सिर्फ भाजपा नेता एवं एमएलसी मोहित बेनीवाल ने मुजफ्फरनगर को लक्ष्मीनगर करने का प्रस्ताव रखा। सिर्फ प्रस्ताव के दम पर हिन्दू संगठनों को शय मिल गयी और हिन्दू संगठनों ने शनिवार को दिन निकलते ही रेलवे स्टेशन का नाम बदलने का प्रयास ही कर डाला। अब देखना यह होगा कि उक्त लक्ष्मीनगर लिखा बैनर प्रशासन उतरवाता है अथवा योगी सरकार के दबाव में इस बैनर को ज्यों का त्यों टंगा रहने देता है।



## मुठभेड़ में 11 महिला नक्सली समेत 17 माओवादी हुए ढेर

**सुकमा, 29 मार्च (वार्ता)** छत्तीसगढ़ के सुकमा और दंतेवाड़ा जिले की सरहद पर केरलापाल के गोरगुंडा पहाड़ी शनिवार को सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में 11 महिलाओं समेत 17 नक्सली मारे गये। वहीं जिला रिजर्व पुलिस के केन्द्रीय सुरक्षा बल का एक जवान समेत चार जवान घायल हो गये। घायलों की स्थिति सामान्य बताई जाती है। घटना स्थल से सुरक्षा बलों ने एक एके-47, इंसास रायफल, एसएलआर, 303 रायफल, राकेट लांचर, बीजीएल लांचर हथियार व विस्फोटक बरामद किया है। बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) सुंदरराज पी ने बताया कि मुठभेड़ में मारे गए सात नक्सलियों की अब तक पहचान हुई जिसमें एक 25 लाख का ईनामी माओवादी दरभा डिवीजन सचिव जगदीश उर्फ बुदरा भी शामिल है।









53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73(79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web : muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

सम्पर्क सूत्र : 9368549219, 8077929606 | संस्थापक : स्व. उत्तम चन्द्र शर्मा | रोजाना आपकी सुबह की चाय पर

वर्ष : 53/ अंक : 87 | रविवार, 30 मार्च 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष, प्रतिपदा | सम्वत् 2082 | मूल्य 3 रुपये



## इंटर के छात्र ने फांसी लगाकर दी जान

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के मौहल्ला अमित विहार में फांसी लगाकर की आत्महत्या। कमरे की खिड़की कटर से काटकर निकाला गया शव।

शामली जनपद के थानाभवन का निवासी इण्टर का छात्र सूरज मुजफ्फरनगर के नई मण्डी थाना क्षेत्र के अमित विहार में अपनी बुआ ओमबीरी के घर पर रह रहा था। बताया जाता है कि सूरज ने इसी वर्ष इण्टर की परीक्षा दी थी। शुक्रवार की देर रात उसने खुद को फांसी लगा ली। सुबह जब परिवार के लोगों ने दरवाजा खटखटाया तो दरवाजा नहीं खुल सका, जिससे उन्होंने खिड़की खोलकर झांका तो सूरज फांसी के फंदे पर लटका हुआ था। तुरन्त इसकी जानकारी नई मण्डी पुलिस को दी गयी पुलिस मौके पर पहुंची और खिड़की को कटर से कटवाकर सूरज के शव को बाहर निकाला गया।



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आत्महत्या के कारणों की जानकारी लेने में जुट गयी।

# कौन डरता है यहां, लो कर दी भाजपा नेता के होटल पर भी तोबड़तोड़ फायरिंग

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** कहते हैं कि उत्तर प्रदेश में अब सुशासन स्थापित हो चुका है मगर आए दिन हो रही दबंगई की घटनाएं साफ जाहिर कर रही हैं कि बदमाशों को न तो जेल जाने का डर है और न ही योगी सरकार द्वारा शरीर में पीतल दागने का कोई डर है। यदि ऐसा होता तो आए दिन ऐसे आपराधिक मामले सामने न आते। कोई न कोई घटना मुजफ्फरनगर में ही नहीं प्रदेश में ऐसी रोज घटित होती है, जहां व्यापारियों को धमकाने का काम बदमाशों द्वारा किया जा रहा है। संगम होटल पर फायरिंग के मामले ने तो यह तस्वीर भी साफ कर दी कि भले ही आप भाजपा नेता हों, तब भी बदमाश आपसे नहीं डरते। दरअसल ट्रांसपोर्ट नगर के सामने स्थित संगम होटल भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री नीतिश मलिक का है। उसके बावजूद भी बदमाशों को कोई डर खौफ नहीं है।

शनिवार को दिन निकलते ही एनएच-58 पर स्थित संगम होटल पर ताबड़तोड़ फायरिंग की सूचना मिली। उक्त घटना शनिवार देर रात की है। भाजपा नेता का कहना है कि शनिवार रात डेढ़ बजे उसके होटल पर स्कॉर्पियो सवार कुछ बदमाश पहुंचे और वहां मामूली कहासुनी के बाद होटल पर ताबड़तोड़ फायरिंग करनी शुरू कर दी। होटल मालिक नीतिश मलिक का बताना है कि रात्रि डेढ़ बजे कुछ लोग कार में सवार होकर आए और उन्होंने होटल कर्मियों से खाना बनाने को कहा। होटल कर्मियों ने कहा कि रात्रि डेढ़ बजे उनके होटल पर खाने की सुविधा उपलब्ध नहीं होती। खाने की सुविधा केवल 11 बजे तक ही है। इस पर पहले बदमाशों ने कर्मचारियों को गंदी गालियां दी और उसके बाद आव देखा न ताव बस गोलियां बरसानी शुरू कर दी। होटल कर्मचारियों ने काउंटर व कुर्सियों के पीछे छिपकर अपनी जान बचाई। बदमाशों ने होटल मालिक को फायरिंग के दौरान अगली गोली सीधा माथे में मारने की बात कही और हथियार हवा में लहराते हुए होटल मालिक को यह कहते हुए फरार हुए कि यहां होटल चलाना है, तो हमारे नीचे रहकर ही चलाना पड़ेगा। होटल मालिक भाजपा का पूर्व प्रदेश मंत्री नीतिश मलिक है और उसका बताना है कि बदमाश जाते समय यह भी कहकर गया कि उसका भाई पहले ही जेल में बंद है, ऐसे में तेरा इलाज हम करके दिखाएंगे। पूरे घटनाक्रम की जानकारी पुलिस को दी गयी तो पुलिस मौके पर पहुंची और सीसीटीवी फुटेज खंगालने का काम किया। फिलहाल पुलिस अज्ञात बदमाश के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कर चुकी है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर बदमाश की पहचान कर तलाश में जुटी है।






## सऊदी अरब में हुए चांद का दीदार, रोजेदारों के खिले चेहरे

### सऊदी अरब में 30 एवं भारत में होगी अब 31 मार्च को ईद



**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** माह ए रमजान मुकम्मल होने के बाद रोजेदारों के लिए वास्तव में ईद का त्योहार धूमधाम से मनाया जाता है। ऐसा कहा जाता है कि रमजान के महीने में रोजे रखने व इबादत में मशगूल रहने पर ईद अल्लाह की तरफ से रोजेदारों के लिए एक रिवॉर्ड यानि तोहफा होता है। शनिवार सायं को दुनिया भर के मुसलमानों की निगाहें सऊदी अरब की ओर ही टिकी रही, जिसकी वजह रही थी ईद का चांद। हर साल सऊदी अरब में भारत से एक दिन पहले ईद मनाई जाती है। शनिवार यानी 29 मार्च को सऊदी अरब में ईद का चांद नजर आने आने का लोगों को सायं होने के साथ बड़ी ही बेसब्री से इंतजार था, जो कि आसमान में चांद के दीदार होने के साथ खत्म हो गया। सऊदी अरब में ईद का चांद 29 मार्च को नजर आ जाने के बाद अब वहां ईद 30 मार्च, रविवार को मनाई जाएगी। वहीं, भारत में रविवार 30 मार्च को चांद नजर आएगा और अब ईद-उल-फितर 31 मार्च 2025 यानि सोमवार को मनाई जाएगी। हर बार भारत से एक दिन पूर्व सऊदी अरब में ईद मनाई जाती है। इस बात की सबसे बड़ी वजह ये है कि सऊदी अरब में रमजान एक दिन पहले यानी 01 मार्च से शुरू हुआ था तो वहीं भारत में रमजान की शुरूआत 2 मार्च से हुई थी। इस्लामिक कैलेंडर चांद के मुताबिक चलता है। वहीं हर हिजरी महीने की शुरूआत चांद दिखने से तय होती है। ईद-उल-फितर इस्लामी महीने शव्वाल की पहली तारीख को मनाई जाती है। चांद के हिसाब से महीने में 29 या 30 दिन होते हैं, इसलिए हर साल ईद की तारीख बदलती रहती है। इस्लाम के जानकार चांद देखकर ईद की तारीख तय करते हैं। बता दें, सबसे पहले ईद के चांद का दीदार सऊदी अरब में होता है। ऐसे में ईद कब मनाई जाएगी, ये फैसला सऊदी अरब में ईद मनाने पर ही होता है। कई मुस्लिम देश सऊदी अरब की ओर से तय की हुई तारीख पर ही ईद मनाते हैं। सऊदी अरब में ईद के अगले दिन भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे देशों में ईद मनाई जाती है।



## बाबा बागेश्वर बोले, जिसके सपने में आएंगे बंदर, उनका हो जाएगा उद्धार

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** मेरठ रोड स्थित न्यू मैक्स सिटी में आज बाबा बागेश्वर धीरेन्द्र शास्त्री ने अपने चरण कमल रखकर कॉलोनी का उद्धार करने के लिए वहां अपना प्रवचन किया। प्रवचन के दौरान उन्होंने सबका उद्धार होने की बात कहते हुए तीन बार अपने सिर के दाईं व बाईं ओर मुट्ठी बंद हाथ घुमवाए और कहा कि जिसके सपने में भी बंदर आएंगे, उसे किसी प्रकार का कोई खतरा नहीं है। इसी के साथ साथ उन्होंने मुजफ्फरनगर को लक्ष्मीनगर करने की बात को भी प्रतिबद्ध कराया। उन्होंने कहा कि उनकी कामना है कि जल्द ही मुजफ्फरनगर का नाम लक्ष्मीनगर हो जाए। मेरठ रोड स्थित न्यू मैक्स टाउनशिप व लग्जरी विला में पहुंचे धीरेन्द्र शास्त्री के दर्शन को भीड़ अपेक्षाकृत कम दिखाई दी, क्योंकि न्यू मैक्स सिटी की प्रबंध समिति द्वारा चंद लोगों को छोड़कर किसी को उक्त कार्यक्रम में आमंत्रित ही नहीं किया गया। बाबा बागेश्वर भी कम भीड़ देखकर यही कहकर गए कि अगली बार बड़े कार्यक्रम में शुक्रताल अपनी कथा करने आऊंगा, व्यवस्था की जिम्मेदारी में खुद देख लूंगा। उन्होंने चटकारे लेते हुए कहा कि मुजफ्फरनगर में मुझे कथा अवश्य करनी चाहिए, क्योंकि यहां ठठरी के बहुत रहते हैं। सनातन को आगे बढ़ाने और हिन्दू राष्ट्र बनाने के लिए उन्होंने सबसे सामूहिक वचन लिया और प्रार्थना कराई ।







## दस बंदियों की रिहाई के आदेश

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** उच्च प्रशासनिक न्यायमूर्ति जनपद शामली के आदेश पर दस बंदियों की रिहाई के आदेश। कारागार में निरुद्ध दस बंदी सलीम पुत्र अख्तर, आरिफ पुत्र अख्तर, अहसान पुत्र नूरहसन, नरेन्द्र पुत्र कालीराम, आसिफ पुत्र इलियास, दिलशाद उर्फ साहिल पुत्र मांगा, आसिफ पठान पुत्र राशिद, उमर पुत्र असगर, साबिर पुत्र यामीन व सिद्धदोष बंदी हिमांशु पुत्र विनोद को ई-प्रिजन पर प्रेषित रिहाई आदेश पर रिहा किया गया। जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि पूर्व में कारागार पर आदेश ऑफ लाइन के माध्यम से प्राप्त हो रहे थे, जिस कारण बंदियों की रिहाई करने में विलम्ब होता था, तथा रिहाई कई बार समयावधि के अंदर नहीं हो पाती थी। ऑनलाइन माध्यम से तत्काल आदेश प्राप्त होने से तत्काल ही बंदियों की रिहाई सम्भव हो पाई है। बंदियों की रिहाई के समय जेलर राजेश कुमार सिंह, उपजेलर जय प्रकाश प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## छेड़छाड़ के विरोध करने पर प्रधान पक्ष ने पीड़ित पक्ष को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा, पथराव और कई राउंड फायरिंग

**मीरापुर, 29 मार्च (बु.)।** गांव रसूलपुर गढ़ी में एक मौत में आई युवती के साथ छेड़छाड़ करने का विरोध करने पर प्रधान पक्ष के युवकों ने दूसरे पक्ष के लोगों को दौड़ाकर पीटा तथा पथराव व कई रांउड फायरिंग कर दहशत फैला दी। पथराव में एक महिला समेत चार लोग घायल हो गए। घटना के बाद बड़ी संख्या में पुलिसबल मौके पर पहुँच गया। गांव रसूलपुर गढ़ी निवासी सक्का बिरादरी के अमीर अहमद ने बताया कि शुक्रवार को उसके चचेरे भाई नूर मोहम्मद की मौत हो गई थी, जिसके चलते घर पर मेहमान आए हुए थे। अमीर अहमद का आरोप है कि ग्राम प्रधान के भतीजे शाबान, लविश व कैफ ने उनके यहां आई एक युवती के साथ छेड़छाड़ कर दी थी, जिस पर उन्होंने शुक्रवार को युवकों को समझा दिया था, किन्तु आरोप है कि प्रधान पक्ष के युवक अपनी हरकत से बाज नहीं आये और शनिवार को प्रधान के भतीजे शाबान, लविश व एक अन्य युवक ने गली में खड़ी युवती के सथ छेड़छाड़ कर दी, जिसका विरोध किया, तो उसके बाद आरोपी शाबान, लविश, कैफ, कठल अपने साथ दर्जनों लोगों लेकर वहां पहुंच गया और वहां मौजूद लोगों पर लाठी-डंडों से हमला बोल दिया तथा पथराव शुरू कर दिया। आरोप है कि आरोपियों की भीड़ में शामिल प्रधान पक्ष के कुछ युवक हाथों में तमंचे लिए हुए थे और उन्होंने कई राउंड फायरिंग कर दी, जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। आरोप है कि प्रधान पक्ष की भीड़ ने छतों से भी पथराव कर दिया। पथराव में महिला नसीमा पत्नी सिराजू व वृद्ध मंगता पुत्र छोटा व पीरू तथा दूसरे पक्ष से प्रधान पुत्र अरशद घायल हो गए। फायरिंग व पथराव की सूचना से पुलिस में हडकंप मच गया तथा एसआई वीरेंद्र सिंह पुलिस बल व डायल 112 पुलिस की कई गाडियों के साथ मौके पर आ गए तथा आरोपियों की धर पकड़ को कई घरों की तलाशी ली तथा घायलों को उपचार के लिए जानसठ अस्पताल भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक पुलिसबल मौके पर मौजूद था। उधर इंसपेक्टर मीरापुर बबलू कुमार वर्मा ने कहा कि दो पक्षों के बीच पथराव व फायरिंग की सूचना मिली है। दोनों पक्ष दो लोग घायल हैं, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। अभी तहरीर नहीं मिली है, तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज किया जाएगा। यदि कोई पक्ष तहरीर नहीं देता है, तो पुलिस अपनी तरफ से मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई करेगी।





### गोली लगने से दीवारों में पड़े निशान

**मीरापुर, 29 मार्च (बु.)।** देर शाम छेडछोड का विरोध करने पर आरोपी प्रधान पक्ष ने निडर होकर पथराव कर दिया। इतना ही नहीं प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आरोपी हमलावर हाथों में तमंचा लेकर आए और कई राउंड फायरिंग कर दी, जिससे गोली दीवारों में जा लगी। गनीमत रही कि गोली किसी को लगी नहीं।

### प्रधान पुत्र पुलिस पर हमले में भी जा चुका जेल

**मीरापुर, 29 मार्च (बु.)।** गांव रसूलपुर गढ़ी का प्रधान परिवार हनेशा किसी न किसी बात को लेकर चर्चा में रहता है। कुछ माह पूर्व प्रधान के एक पुत्र ने पुलिस के साथ मारपीट की थी। बाद में पुलिस ने उसपर मुकदमा दर्ज कर उसे जेल भेजा था।

## नई मण्डी क्षेत्र में दो स्थानों पर लगी आग से हड़कम्प

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** शनिवार को दिन निकलते ही पहली सूचना लगभग 11 बजे नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के द्वारकापुरी स्थित एक फ्लैट में आग लगने की मिली। सूचना पर दमकल विभाग की गाड़ियां पहुंची और पाया कि द्वारकापुरी स्थित दूसरे फ्लोर पर फ्लैट नं 9 में भयंकर आग लगी हुई थी। उक्त फ्लैट में आयुष वर्मा किराये पर रहता है। दमकल की गाड़ियों ने बामुश्किल भयंकर आग पर काबू पाया। दो गाड़ियों की मदद से आग बुझाई गयी। बताया जाता है कि आग में फ्लैट में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर राख हो गया। शुक्र यह रहा कि आग से कोई जनहानि नहीं हुई। इसी घटना के ठीक एक घंटे के बाद फिर एक बार नई मण्डी कोतवाली क्षेत्र के ही पीठ बाजार में आग की सूचना मिली, जहां डिस्पोजल का कार्य करने वाले शिवचरण के घर तीसरी मंजिल पर रखे सामान में आग लग गयी। बताया जाता है कि तीसरी मंजिल पर दोने-पत्तल, गिलास, चम्मच आदि का डिस्पोजल सामान रखा हुआ था। माना जा रहा है कि शॉर्ट सर्किट के कारण डिस्पोजल सामान में आग तेजी से फैल गयी। इस आग पर भी दमकल विभाग की दो गाड़ियों ने डेढ़ घंटे के बाद काबू पाया। तीसरी मंजिल पर सामान रखे होने के कारण आग बुझाने के लिए विभागीय कर्मचारियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी। दो स्थानों पर आग लगने से आसपास के क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गयी और लोगों ने उक्त आग की वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल की।







कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म इण्टर कॉलेज
एवं
कुँवर जगदीश प्रसाद सनातन धर्म जू. हाईस्कूल
प्रवेश प्रारम्भ
सत्र- 2025-26
कक्षा प्ले से कक्षा 9 तक
कक्षा 11 (वाणिज्य वर्ग में)
रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ हैं।
सभी आधुनिक सुविधाओं से युक्त
न्यूनतम फीस, कुशल व अनुभवी स्टाफ
निकट सनातन धर्म सभा, झांसी की रानी, मुजफ्फरनगर
M.9760605352, 8439539822

## मोबाइल बरामदगी मामले में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिमांड बनाने को कोर्ट में दिया प्रार्थना पत्र

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** 5 दिसम्बर को वहलना चौक स्थित कादिर राणा की फैक्ट्री में हमले के बाद से कारागार में बंद पूर्व विधायक शाहनवाज राणा की मुश्किलें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। एक के बाद एक उन पर मुकदमें दायर किये गए हैं। पहले जीएसटी टीम से मारपीट, जीएसटी चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज होने के बाद हाल ही में जेलर द्वारा शाहनवाज के पास से कारागार में मोबाइल बरामद होने के बाद जेल को जान से मारने की धमकी का भी आरोप स्वयं जेलर राजेश कुमार सिंह द्वारा लगाया गया और इस बाबत नई मण्डी कोतवाली में मुकदमा भी दर्ज कराया गया। शनिवार को पूर्व विधायक के अधिवक्ता ने आपत्ति जताते हुए प्रार्थना पत्र दिया है और कहा कि है कि जेल में पूर्व विधायक के साथ जेल प्रशासन द्वारा मारपीट की गयी है। इसी कारण पुलिस उन्हें कोर्ट में पेश नहीं करना चाहती। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए 1 अप्रैल को जिला अस्पताल में उनका मेडिकल कराने के आदेश पुलिस को दिये हैं। शनिवार को वरिष्ठ अधिवक्ता नकली सिंह त्यागी ने बताया कि विवेचक की ओर से एसीजेएम कोर्ट की न्यायधीश आकांक्षा गर्ग की कोर्ट में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए पूर्व विधायक शाहनवाज राणा का रिमांड बनाने की अपील की गयी थी, जिस पर उनके द्वारा आपत्ति प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि जेल में पूर्व विधायक के साथ मारपीट की गयी है। इसी कारण पुलिस उन्हें रिमांड के लिए कोर्ट में पेश नहीं कर रही है। कोर्ट ने मामले में सुनवाई करते हुए 1 अप्रैल को पूर्व विधायक जिला अस्पताल में मेडिकल कराने के आदेश दिये हैं। मेडिकल को 1 अप्रैल को ही कोर्ट में पेश किया जायेगा, उसके बाद कोर्ट उनके रिमांड पर विचार करेगी। विवेचक का बताना है कि शांति व्यवस्था भंग की आशंका की वजह से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रिमांड बनवाने की अपील की गयी है।

उनत्तीसवाँ रोजा - 30-03-2025
सुन्नी 6:37 | इफ़तार | शिया 6:46
रमजान- 2025
तीसवाँ रोजा - 31-03-2025
सुन्नी 4:40 | सहरी | शिया 4:33




## काली नदी में बहता मिला महिला का शव

**मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)।** शनिवार की दोपहर काली नदी में आते-जाते लोगों को एक महिला का शव पानी की सतह पर तैरता दिखाई दिया। लोग पुल के नीचे पहुंचे और पुलिस को इसकी सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचाकर लोगों की मदद से महिला के शव को नदी से बाहर निकलवाया और उसकी शिनाख्त करने का प्रयास किया। सोशल मीडिया पर फोटो वायरल होने के बाद भी शाम तक शव की शिनाख्त नहीं हो सकी, जबकि पुलिस ने शव को मॉर्चरी में रखवा दिया। काली नदी के आसपास के लोगों का कहना है कि महिला का पैर फिसलने के बाद वह नदी में डूबी है।





संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रातःकालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।
सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com

CHILDREN ACADEMY
Senior Secondary School
(KEWALPURI and FRIENDS COLONY, MUZAFFARNAGAR)
Website : www.childrenacademy.in
Recognized Institutions
ESTD. 1984
मिलते-जुलते नामों से सावधान
English Medium
ADMISSION OPEN
Play to Class IX & XI
2025-26
वातानुकूलित कमरे
साफ पानी, पीने के लिए वाटर कूलर की सुविधा
डिजिटल स्मार्ट बोर्ड (एक्टीविटी के लिए)
ट्रांसपोर्ट की सुविधा
जिले व राज्य में अव्वल आने वाले छात्र-छात्राओं की पढ़ाई
Ph.: 9049899968, 9319422487





1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## प्रधानमन्त्री की नागपुर यात्रा

प्रधानमन्त्री की नागपुर यात्रा का इस समय खूब चर्चा हो रहा है। प्रधानमन्त्री अपने 11 साल के कार्यकाल में पहली बार नागपुर में स्थित संघ के मुख्यालय में जा रहे हैं, इसलिए चर्चा अधिक है। एक इंटरव्यू में संघ और जनता जनार्दन को लेकर कही गयी उनकी बातों को भी याद किया जा रहा है। चार जून के बाद आए बयान और फिर राज्यों के चुनावों में संघ का धरातल पर कार्य और उसके सटीक परिणाम और अब प्रधानमन्त्री का संघ मुख्यालय में जाना इन सब ने सियासी चर्चाओं को बढ़ा दिया है। 2007 में अटल बिहारी बाजपेयी ने डॉक्टर हेडगेवार स्मारक स्मृति मंदिर का दौरा किया था, तब वे प्रधानमन्त्री नहीं थे। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी प्रचारक के तौर पर रेशमबाग आ चुके हैं, लेकिन बतौर प्रधानमन्त्री पहली बार वह संघ मुख्यालय जाएंगे। इसको लेकर राजनीतिक तौर पर अटकलों का बाजार गर्म और कौतूहल है। उनके इस दौरे को काफी ज्यादा अहम माना जा रहा है, क्योंकि वह पहली बार बतौर पीएम रेशमबाग में प्रवेश करेंगे। इस कार्यक्रम में महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडणवीस, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के साथ संघ का शीर्ष नेतृत्व मौजूद रहेगा। इस महीने 17 मार्च को नागपुर के महल इलाके में हिंसा और दंगों को देखते हुए पीएम मोदी की सुरक्षा के अभेद्य प्रबंध किए गए हैं। संभावना है कि पीएम मोदी और आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत की मुलाकात भी हो। इस मुलाकात को लेकर आरएसएस के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने अपना बयान जारी किया है। उन्होंने कहा कि जब भी आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत और प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी मिलते हैं, तो वे देश और आरएसएस के बेहतर कार्यों पर चर्चा करते हैं। सुनील अंबेकर ने कहा कि ये बात साफ है कि मोहन भागवत और पीएम मोदी देश के मुद्दों पर बात करते हैं और करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि संगठन का संदेश यह है कि हम खुद को बेहतर बनाते रहें और देश को बेहतर बनाने में अपने प्रयासों को लगाएं। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि वे यह बात करते हैं कि संगठन के कार्यों को कैसे आगे बढ़ाया जाए और उसमें सुधार कैसे किया जाए। साल 2014 में केंद्र में बीजेपी की सरकार बनने के बाद ऐसे मौके कम ही आए हैं, जब प्रधानमन्त्री मोदी और भागवत एक साथ नजर आए हों। साल 2020 में अयोध्या में राम मंदिर के भूमि पूजन पर दोनों साथ दिखे थे। जनवरी 2024 में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान फिर एक बार मोदी और भागवत एक साथ नजर आए। राम मंदिर के गर्भ-गृह में भागवत मोदी के साथ पहले पूजा अर्चना करते दिखे और बाद में मंच से भाषण देते हुए भी, जिसमें उन्होंने प्रधानमन्त्री की काफी तारीफ की थी। पीएम मोदी वैसे तो इन सालों में कई बार नागपुर दौरे पर पहुंचे हैं, लेकिन वह पहली बार रेशमबाग स्थित संघ मुख्यालय जा रहे हैं। इस बीच कांग्रेस ने पीएम मोदी के इस दौरे पर निशाना साधा है। कांग्रेस नेता विजय वडेट्टीवार ने कहा कि मुझे लगता है कि बीजेपी को समझ आ गया होगा कि उन्होंने संघ की वजह से चुनाव जीते हैं। विजय वडेट्टीवार ने कहा कि सवाल यह है कि अगर प्रधानमन्त्री मोदी वहां जा रहे हैं और तीन दिन पहले उन्होंने सौगात-ए-मोदी शुरू किया है, तो इसका मतलब है कि आरएसएस की विचारधारा में बदलाव आया है। 100 साल तक वे विभाजन की बात करते थे और अब मुझे उम्मीद है कि वे एक साथ आगे बढ़ने की बात करेंगे। पीएम मोदी का आज नागपुर, दीक्षाभूमि में डॉक्टर भीमराव आंबेडकर को श्रद्धांजलि देने का भी कार्यक्रम है। पीएम ऐसे समय में यह दौरा करेंगे, जब गुड़ी पड़वा उत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के समारोह का आयोजन किया जाएगा। पीएम मोदी स्मृति मंदिर भी जाएंगे और आरएसएस के संस्थापकों को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। पीएम माधव नेत्रालय प्रीमियम सेंटर की आधारशिला भी रखेंगे। यहां वे पूरे दिन कई कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस दौरान वह संघ के दूसरे सरसंघचालक माधव राव सदाशिव गोलवलकर के नाम पर बनने वाले नेत्र अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र की नींव रखेंगे। नववर्ष प्रतिपदा, यानी साल के पहले दिन प्रधानमन्त्री मोदी आरएसएस के संस्थापक और प्रथम सरसंघचालक केशव बलिराम हेडगेवार को श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। आरएसएस में नववर्ष प्रतिपदा का बहुत महत्व होता है, जिसे नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। माधव नेत्रालय आई इंस्टीट्यूट एंड रिसर्च सेंटर का नया विस्तार भवन है। 2014 में स्थापित यह संस्थान नागपुर में स्थित एक प्रमुख सुपर-स्पेशलिटी नेत्र चिकित्सा केंद्र है। संस्थान की स्थापना गुरुजी श्री माधवराव सदाशिवराव गोलवलकर की स्मृति में की गई थी। इस परियोजना में 250 बिस्तरों वाला अस्पताल, 14 ओपीडी और 14 मॉड्यूलर ऑपरेशन थिएटर होंगे, जिसका उद्देश्य लोगों को सस्ती और विश्व स्तरीय नेत्र उपचार सेवाएं प्रदान करना है। संघ और पीएम मोदी की नजदीकी किसी से छुपी नहीं है। इसके बाद भी बहुत कम ऐसा देखने को मिलता है, जब से नरेन्द्र मोदी पीएम बने हैं कि वे संघ के किसी कार्यक्रम में शामिल हुए हों। प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी नागपुर स्थित संघ मुख्यालय का दौरा करने वाले पहले प्रधानमंत्री होंगे, मोदी का यह दौरा इसलिए भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि यह संघ का शताब्दी वर्ष है। भारतीय जनता पार्टी की महाराष्ट्र इकाई के अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने बताया कि मोदी इससे पहले एक प्रचारक के तौर पर स्मारक पर आये थे, लेकिन प्रधानमन्त्री बनने के बाद वह पहली बार यहां आएंगे। पीएम मोदी अक्टूबर, 2001 में सीएम बने थे, लेकिन वह इसके बाद से कभी संघ मुख्यालय नहीं गए हैं। वह 1972 में प्रचारक बने थे। लेक्स फ्रीडमैन के पॉडकास्ट में संघ को लेकर पूछे गये सवाल पर मोदी का कहना था, मेरे सौभाग्य रहा कि ऐसे पवित्र सगंठन से मुझे जीवन के संस्कार मिले, जब ये पूछा गया कि बीजेपी लगातार चुनाव कैसे जीत रही है, तो मोदी ने इसे अपने संगठन के काम के अनुभव, चुनाव प्रबंधन और कैंपेन की रणनीति से जोड़कर पेश किया। मोदी का कहना था, मैं उस पवित्र जिम्मेदारी को निभाने का प्रयास करता हूं, जो मुझे उन लोगों ने सौंपी है, जिन्हें मैं ईश्वर के बराबर मानता हूं। मैं उनके विश्वास को बनाये रखने और कभी न डगमगाने देने के लिए प्रतिबद्ध हूं और वे मुझे वैसे ही देखते हैं, जैसा मैं वास्तव में हूं। केंद्र की अपनी सरकार की सफलता पर उन्होंने कहा कि जैसे एक समर्पित पुजारी अपने आराध्य की सेवा में लगा रहता है, वैसे ही मेरा हृदय लोगों की सेवा के लिए समर्पित है, मैं खुद को लोगों से अलग नहीं रखता, मैं उन्हीं के बीच रहता हूं, उन्हीं में से एक बनकर।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'नश्शा' 'होश' 'लतीफे' 'शायरी'

कैसा भी नश्शा हो,पूरा हावी होता ही नहीं,
होश भी रहता है बाकी, बेखुदी के साथ-साथ।
सुनने वालों में कमी है या के कहने में कमी,
अब लतीफे चल रहे हैं, शायरी के साथ-साथ।

# जिला पंचायत की बैठक में मुजफ्फरनगर का नाम बदलने का प्रस्ताव पास

**▸ एक देश-एक चुनाव पर भी लगी स्वीकृति की मुहर ▸ बोर्ड बैठक में 72.65 करोड़ की आय का बजट पारित**

मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)। जिला पंचायत की बोर्ड बैठक में वार्षिक बजट के साथ कई विशेष प्रस्तावों को सदन ने ध्वनिमत से स्वीकृत किया। सदन में कुछेक सदस्यों के हल्के विरोध के बीच मुजफ्फरनगर जनपद का नाम अब लक्ष्मीनगर किए जाने पर जोर दिया, जिसमें पूरा सदन एकमत नजर आया। इसके साथ केन्द्र सरकार द्वारा लाए गए एक देश-एक चुनाव विधेयक को भी सदन का पूर्ण समर्थन मिला और ये दोनों प्रस्ताव पारित करते हुए मुख्यमंत्री को भेजे जाने की तैयारी शुरू कर दी। वहीं बोर्ड बैठक में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 72.65 करोड़ रुपये की आय का मूल बजट पारित करते हुए विकास कार्यों को गति देने की स्वीकृति सदन ने प्रदान कर दी। बोर्ड बैठक में पूर्व की भांति इस बार भी कई विभागों के अधिकारियों के नहीं पहुंचने पर जिला पंचायत अध्यक्ष ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए उनके खिलाफ कार्यवाही कराने का सदन को भरोसा दिलाया।

शनिवार को कलेक्ट्रेट परिसर में स्थित चौ. चरण सिंह सभागार में जिला पंचायत की बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में यूपी सरकार के विज्ञान व प्रौद्योगिकी मंत्री अनिल कुमार, बिजनौर सांसद चंदन चौहान, बुढ़ाना विधायक राजपाल सिंह बालियान, सपा के सांसद हरेन्द्र मलिक के प्रतिनिधि के रूप में राकेश शर्मा ने भी भाग लिया। बैठक में गत कार्यवाही की पुष्टि समेत कुल 5 प्रस्ताव वाला एजेंडा एएमए ने सदन के सम्मुख रखा। एजेंडे पर चर्चा के दौरान सभी प्रस्तावों को सदन की पूर्ण सहमति मिली। इसमें जिला पंचायत के एएमए ने सदन को बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में जिला पंचायत ने 72 करोड़ 65 लाख 97 हजार 66 रुपये की आय जुटाने का अनुमान लगाया है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम 6 माह में जिला पंचायत ने 46.42 करोड़ रुपये आय अर्जित की है। इसके साथ बोर्ड बैठक में मुजफ्फरनगर जिले का नाम बदलकर लक्ष्मी नगर किये जाने की मांग करते हुए जिला पंचायत सदस्य मनोज ने आवाज उठाई, जिसका एक अन्य सदस्य यूनुस ने विरोध करते हुए मुजफ्फरनगर का नाम बदले जाने को सही बताते हुए जनपद में सांप्रदायिक एकता की खातिर मौहब्बतनगर या भाईचारा नगर किए जाने की पैरवी की। सदन में कुछ सदस्यों ने चर्चा के दौरान मुद्दे को उठाया, जिस पर सदन एक मत दिखाई दिया। सदस्यों ने कहा कि मुजफ्फरनगर जनपद धार्मिक लिहाज से महत्वपूर्ण व प्राचीन हैं। यहां शुकतीर्थ जैसा ऐतिहासिक धार्मिक स्थल है, ऐसे में इस जिले का नाम मुगलकालीन पहचान से अलग करते हुए इसे मां लक्ष्मी के नाम पर लक्ष्मीनगर करना चाहिए। वहीं सदन में एक देश एक चुनाव की व्यवस्था का भी समर्थन करते हुए सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। इस बोर्ड बैठक के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष वीरपाल निर्वाल ने बताया कि सदन में जनपद के चहुंमुखी विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए हैं। जनपद का नाम बदलते हुए लक्ष्मीनगर करने और एक देश एक चुनाव का समर्थन हुआ है। इसके लिए हम जिलाधिकारी के माध्यम से दोनों ही प्रस्ताव मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भिजवायेंगे और उनसे आग्रह करेंगे कि जनपद मुजफ्फरनगर को लक्ष्मीनगर के नाम से नई पहचान दिलाने का काम किया जाये। उन्होंने बोर्ड बैठक में अधिकारियों के न आने की प्रवृत्ति पर नाराजगी व्यक्त करते हुए स्पष्ट किया कि पूर्व में दी चेतावनी के बावजूद इस बार जो अधिकारी बैठक में नहीं पहुंचे, उनके खिलाफ



कार्यवाही की जायेगी। इसके लिए हम शासन में भी पत्र लिखेंगे। बोर्ड बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट विकास कश्यप के अलावा अन्य जिला पंचायत सदस्य एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# छप्पन भोग के साथ मनाया गया सिद्धपीठ शनिधाम का स्थापना दिवस समारोह



मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बुस.)। चरथावल मोड़ स्थित श्री शनि धाम सिद्धपीठ पर 23वां स्थापना दिवस एवं इस वर्ष की प्रथम शनिश्चरी अमावस्या पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए गए और आज प्रातः से ही हजारों श्रद्धालुओं और बच्चों ने भगवान शनि देव के दर्शन कर उनका गुणगान किया और बाद में प्रसाद ग्रहण किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए शनि धाम मंदिर प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष शरद कपूर ने बताया कि आज प्रातः 7:00 बजे सुंदरकांड के पाठ का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में नई मंडी निवासी रघुराज गर्ग खाद वाले उपस्थित हुए। तत्पश्चात 31 मुख्य यजमानों द्वारा भगवान शनि देव का पंचामृत अभिषेक दही, घी, बूरे, शहद आदि के साथ अभिषेक किया गया बाद में महा आरती हुई और भगवान शनि देव को 56 मिठाइयों का भोग लगाया गया। यह कार्य 56 भोग का हिमांशु के द्वारा संपन्न कराया गया। इसके साथ ही महा आरती में भाजपा नेता कुशपुरी एवं प्रदीप अरोड़ा उपस्थित रहे। शरद कपूर ने बताया कि समस्त पूजन पाठ कार्यक्रम पंडित केशवानंद एवं सिद्धपीठ वाले गुरुजी पंडित संजय कुमार, पंडित संतोष मिश्रा एवं भारत मिश्रा द्वारा संपन्न कराए गए। इस अवसर पर मंदिर स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए राकेश कुमार, श्रीमती मंजू व उपदेश ने कमान संभाल रखी थी और श्रद्धालु भक्तजनों की लाइन लगवाकर सभी को व्यवस्थित तरीके से दर्शन करने और प्रसाद सुलभ कराने का अवसर प्रदान कराया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। यह भंडारा कुलदीप बढेड़ी वालों की तरफ से आयोजित किया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर प्रबंध समिति की ओर से पंडित ललित मोहन शर्मा, शरद कपूर, मुकेश चौहान, नरेंद्र पवार, संदीप मित्तल, कार्तिक, शिव, सतीश, आशीष, संजय आदि की उपस्थिति व उल्लेखनीय योगदान रहा। मंदिर प्रांगण पर देर शाम तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ और दर्शन करने वालों का तांता लगा रहा।



# केन्द्रीय कैबिनेट मंत्री का भाजपाईयों ने किया स्वागत

मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बुस.)। शनिवार सुबह केन्द्रीय कैबिनेट के संस्कृति मंत्री व पयर्टन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत दिल्ली से हरिद्वार जाते समय समय मेरठ रोड स्थित ग्रेड रेडियन होटल पर रूके, जहां पर स्थानीय भाजपाईयों ने उनका स्वागत किया। गजेन्द्र सिंह शेखावट जोधपुर से सांसद हैं व पार्टी में मजबूत पकड़ रखते हैं। यहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से उनकी कुशलेक्षम जानी व उन्हें पार्टी के कार्य में ओर मजबूती से जुट जाने का आह्वान किया। कार्यकर्ताओं से मिलने के बाद केबिनेट मंत्री अपने काफिले के साथ हरिद्वार रवाना हो गये। इस दौरान केबिनेट मंत्री से मिलने वालों में श्रीमोहन तायल, सुधीर खटीक, शरद शर्मा, अभिजीत सिंह गंभीर, श्याम रहेजा सहित अनेक पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# जिला जज, डीएम व एसएसपी ने किया जिला कारागार का निरीक्षण



मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बुस.)। जिला न्यायधीश डॉ. अजय कुमार द्वितीय, डीएम उमेश मिश्रा तथा पुलिस उपमहानिरीक्षक / एसएसपी अभिषेक सिंह द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। अधिकारीगण द्वारा निरीक्षण के दौरान जिला कारागार में पुरुष व महिला बैरकों, रसोईघर का निरीक्षण करते हुए विशेष सफाई एवं बंदियों को मेन्यू के हिसाब से गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के निर्देश सम्बन्धित को दिये गये। इसके पश्चात अधिकारीगण द्वारा पुरुष व महिला बंदियों से जेल में मिलने वाली सुविधाओं एवं उनकी समस्याओं के बारे में भी जानकारी ली। तत्पश्चात कारागार परिसर व कार्यालय का निरीक्षण करते हुए अभिलेखों के रखरखाव व मुलाकाती रजिस्टर का अवलोकन किया गया। सुरक्षा की दृष्टि से जिला कारागार में लगी जैमर प्रणाली व सीसीटीवी कैमरों को भी चेक किया गया। इसके उपरान्त कारागार परिसर में स्थित अस्पताल का निरीक्षण करते हुए दवाईयों की उपलब्धता व ओपीडी आदि के बारे में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देशित किया गया कि मरीजों के इलाज में किसी भी प्रकार की कोई शिथिलता व लापरवाही न बरती जाये। अधिकारीगण द्वारा जिला कारागार अधीक्षक को निर्देश दिये कि शासन की मंशा के अनुरूप जेल में बंदियों को मिलने वाली सारी सुविधाएं अवश्य उपलब्ध कराएं, शातिर बंदियों पर कड़ी निगरानी रखे, जेल परिसर के अंदर कोई भी प्रतिबंधित सामग्री ना जाने पाये, साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। अंत में जिला कारागार में तैनात पुलिस बल को ड्यूटी के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। इस अवसर पर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कविता अग्रवाल, जेल अधीक्षक अभिषेक चौधरी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रितेश सचदेवा सहित पुलिस एवं प्रशासन के अन्य अधिकारीगण मौजूद रहे।

# पचेंडा कलां के ग्राम प्रधान पर लगाए गंभीर आरोप, सदस्यता समाप्त करने की मांग

मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)। ग्राम पचेंडा कलां के प्रधान धर्मेन्द्र का करीब दो वर्ष पूर्व अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र रद्द होने के बावजूद भी प्रधान के खिलाफ कोई कार्यवाही न होने से आहत डॉ. मोनिका ने मीडिया के समक्ष प्रशासनिक अधिकारियों व राजनीतिक हस्तक्षेप के आरोप लगाए। डॉ. मोनिका ने अपनी एवं परिवार की सुरक्षा की मांग करते हुए ग्राम प्रधान की सदस्यता खत्म किए जाने की आवाज उठाई। शनिवार को महावीर चौक स्थित होटल में मीडिया से वार्ता करते हुए प्रो. डॉ. मोनिका पत्नी युधिष्ठिर पहलवान ने पचेंडा कलां गांव ने प्रधान धर्मेन्द्र के विरुद्ध याचिका दाखिल कर चुनौती दी थी कि धर्मेन्द्र कोरी जाति का नहीं है और इस वजह से धर्मेन्द्र का अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र रद्द किए जाने के साथ प्रधान पद से हटाया जाए। उन्होंने कहा कि 22 मई 2021 की याचिका पर तत्कालीन डीएम चंद्र भूषण सिंह की अध्यक्षता में गठित जाति सत्यापन समिति ने 8 अप्रैल, 22 को आदेश में परगना मजिस्ट्रेट सदर की आख्या के आधार पर 14 अक्टूबर 2013 को कोरी जाति का प्रमाणपत्र पत्र रद्द कर दिया था। जांच में सामने आया था कि धर्मेन्द्र ने अपने को हिंदू जुलाहा कोरी जाति दर्शाते हुए प्रमाण पत्र हासिल कर नामांकन के साथ लगाया था। उसी आधार पर उसे पचेंडा कलां का प्रधान पद का अर्ह प्रत्याशी माना था। डॉ. मोनिका का आरोप है कि जाति प्रमाण पत्र रद्द हो जाने के दो वर्षों बाद राजनीतिक दखल के चलते उसकी ग्राम प्रधान की सदस्यता रद्द न होना सवाल खड़े कर रहा है। उन्होंने बागपत जिले में इस आधार पर दो प्रधानों की सदस्यता समाप्त की गई है, तो यहां पर ऐसा क्यों नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि तीन बार प्रमाण पत्र निरस्त होने के बावजूद ग्राम प्रधान की सदस्यता निरस्त न होना कई सवाल खड़े कर रहा है, जिसकी जांच होनी चाहिए। इस दौरान अर्जुन पहलवान, युधिष्ठिर पहलवान मौजूद रहे।

### सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **संत शिरोमणि गुरू रविदास सेवा समिति, ग्राम व पोस्ट गादला, बड़ी पट्टी, तहसील जानसठ, जिला मुजफ्फरनगर** के पंजीकरण कराने हेतु ऑनलाइन आवेदन प्राप्त हैं। उक्त समिति की प्रबन्ध समिति में निम्न पदाधिकारी /सदस्य हैं:- 1. श्री शोभा राम, अध्यक्ष 2. श्री अनिल कुमार, उपाध्यक्ष 3. श्री अमित कुमार, सचिव 4. श्री राजीव कुमार, उपसचिव 5. श्री बिट्टू, कोषाध्यक्ष 6. श्री सोहित कुमार, संगठन मंत्री 7. श्री पप्पू 8. श्री हरवीर 9. श्री दीपक कुमार 10. श्री अनित कुमार 11. श्री किरण कुमार 12. श्री अंकुर कुमार 13. श्री निशू कुमार 14. श्री नटवर लाल 15. श्री मोहित कुमार 16. श्री दिनेश कुमार 17. श्री मेघनाथ सिंह 18. श्री राहुल कुमार 19. श्री अंकुश कुमार सहित सदस्य के रूप में दर्शाए गये हैं।

यदि किसी व्यक्ति को प्रश्नगत समिति के पंजीकरण के विरूद्ध किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वह सूचना प्रकाशित होने के दिनांक से 30 दिनों के अन्दर अपनी आपत्ति प्रमाणों सहित अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पत्र पर विचार किया जाना सम्भव न होगा और गुण-दोष के आधार पर समिति के पंजीकरण के सम्बन्ध में कार्यवाही सुनिश्चित कर ली जायेगी।

विदित हो कि उक्त नोटिस सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम की धारा 3(1) के परन्तुक के अन्तर्गत जारी की जा रही है।

**आज्ञा से- सहायक रजिस्ट्रार, फर्म्स, सोसायटीज तथा चिट्स सहारनपुर।**

# सिसौली महापंचायत की पूर्ण हुई तैयारी

**- पूर्व केन्द्रीय मंत्री, सपा सांसद समेत कई विधायक होंगे शामिल**



मुजफ्फरनगर, 29 मार्च (बु.)। सिसौली कस्बे में रविवार सुबह 11 बजे से डीएवी इंटर कॉलेज मैदान में आयोजित जाट महापंचायत में आरक्षण की मांग को लेकर मंच से जाट नेता हुंकार भरेंगे। भाकियू की राजधानी में होने वाली महापंचायत को लेकर जिला जाट महासभा जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान समेत सभी पदाधिकारी तैयारियों को देर रात्रि तक अंतिम रूप देने में जुटे रहे। शनिवार को पदाधिकारियों ने महापंचायत स्थल पर पहुंचकर तैयारियों का जायजा भी लिया। जनपद जाट महासभा की ओर से कस्बा सिसौली में होने वाली इस महापंचायत में रविवार को पूर्व केन्द्रीय राज्यमंत्री डॉ. संजीव बालियान, मुजफ्फरनगर सांसद हरेन्द्र मलिक, बुढ़ाना विधायक राजपाल बालियान, शामली के विधायक प्रसन्न चौधरी, बालियान खाप के मुखिया एवं भाकियू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेश टिकैत, पूर्व मंत्री योगराज, अखिल भारतीय जाट महासभा के महासचिव युद्धवीर सिंह, प्रदेशाध्यक्ष अमन सिंह, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष ओमपाल राठी, जाट सभा के मुख्य संरक्षक जनरल एसएस अहलावत आदि समेत हजारों की संख्या में समाज के जिम्मेदारों की उपस्थिति होगी। रविवार को सिसौली कस्बे में होने वाली महापंचायत की शुरू तैयारियों के बीच जाट महासभा के जिलाध्यक्ष धर्मवीर बालियान ने अपनी कार्यकारिणी के अन्य पदाधिकारियों के साथ सिसौली में होने वाली महापंचायत स्थल की तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने जाट महासभा को मिल रहे समर्थन के आधार पर महापंचायत की तैयारियों में जुटे समाज के लोगों को सुझाव भी दिए। जिलाध्यक्ष धर्मवीर सिंह बालियान ने कहा कि सिसौली के डीएवी इंटर कॉलेज में रविवार को होने जा रही यह महापंचायत ऐतिहासिक होगी, जिसमें जनपद मुजफ्फरनगर से ही नहीं अपितु पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जनपद मेरठ, बागपत, शामली, सहारनपुर, बिजनौर और बुलंदशहर सहित देश की राजधानी दिल्ली से जाट समाज के जिम्मेदार लोग शामिल होंगे। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि इस ऐतिहासिक महापंचायत में कोई भी राजनीतिक बात नहीं होगी, लेकिन दशकों से चली आ रही आरक्षण की बात को समाज के समक्ष उठाने का काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जाट समाज कई वर्षों से जाट आरक्षण की मांग करता आ रहा है। उन्होंने बताया कि इस दौरान दूसरों को जीवनदान और जीवन बचाने के लिए विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि महापंचायत में सिर्फ समाज हित आरक्षण के प्रति ही बोला जाएगा। महापंचायत स्थल पर तैयारी में जिला जाट महासभा महासचिव ओमकार अहलावत, जयवीर सिंह, कुलदीप प्रधान, बिट्टू सिखेड़ा, अनुज बालियान, मास्टर यशपाल सिंह, राहुल पंवार, सतेंद्र राठी रमेश तोमर, नरेंद्र सिंह, यशपाल, महावीर सिंह, कृष्ण पाल फौजी, हरीश बालियान, विपिन बालियान, रामकुमार बालियान आदि शामिल रहे।







## प्रथम नवरात्र शेष : माँ दुर्गा की प्रथम शक्ति शैलपुत्री

मां दुर्गा अपने पहले स्वरूप में 'शैलपुत्री' के नाम से जानी जाती है। पर्वतराज हिमालय के वहां पुत्री के रूप में उत्पन्न होने के कारण इनका यह 'शैलपुत्री' नाम पड़ा था। वृषभ-स्थिता इन माताजी के दाहिने हाथ में त्रिशूल और बायें हाथ में कमल-पुष्प सुशोभित है। यही नव दुर्गाओं में प्रथम दुर्गा हैं। अपने पूर्वजन्म में ये प्रजापति दक्ष की कन्या के रूप में उत्पन्न हुई थीं। तब इनका नाम 'सती' था। इनका विवाह भगवान शंकरजी से हुआ था। एक बार प्रजापति दक्ष ने एक बहुत बड़ा यज्ञ किया। इसमें उन्होंने सारे देवताओं को अपना-अपना यज्ञ भाग प्राप्त करने के लिए निमन्त्रित किया। किन्तु शंकरजी को उन्होंने इस यज्ञ में निमन्त्रित नहीं किया। सती ने जब सुना कि हमारे पिता एक अत्यन्त विशाल यज्ञ का अनुष्ठान कर रहे हैं, तब वहां जाने के लिए उनका मन विकल हो उठा। अपनी यह इच्छा उन्होंने शंकर जी को बतायी। सारी बातों पर विचार करने के बाद उन्होंने कहा - 'प्रजापति दक्ष किसी कारणवश हमसे रूष्ट हैं। अपने यज्ञ में उन्होंने सारे देवताओं को निमन्त्रित किया है। उनके यज्ञ-भाग भी उन्हें समर्पित किये हैं, किन्तु हमें जान-बूझकर नहीं बुलाया है। कोई सूचना तक नहीं भेजी है। ऐसी स्थिति में तुम्हारा वहां जाना किसी प्रकार भी श्रेयस्कर नहीं होगा।' शंकरजी के इस उपदेश से सती का प्रबोध नहीं हुआ। पिता का यज्ञ देखने, वहां जाकर माता और बहनों से मिलने की उनकी व्यग्रता किसी प्रकार भी कम न हो सकी। उनका प्रबल आग्रह देखकर भगवान् शंकरजी ने उन्हें वहां जाने की अनुमति दे दी। सती ने पिता के घर पहुंचकर देखा कि कोई भी उनसे आदर और प्रेम के साथ बात-चीत नहीं कर रहा है। सारे लोग मुंह फेरे हुए हैं। केवल उनकी माता ने स्नेह से उन्हें गले लगाया। बहनों की बातों में व्यंग्य और उपहास के भाव भरे हुए थे। परिजनों के इस व्यवहार से उनके मन को बहुत क्लेश पहुंचा। उन्होंने यह भी देखा कि वहां चतुर्दिक भगवान शंकरजी के प्रति तिरस्कार का भाव भरा हुआ है। दक्ष ने उनके प्रति कुछ अपमानजनक वचन भी कहे। यह सब देखकर सती का हृदय क्षोभ, ग्लानि और क्रोध से सन्तप्त हो उठा। उन्होंने सोचा भगवान शंकरजी की बात न मान, यहां आकर मैंने बहुत बड़ी गलती की है। वह अपने पति भगवान शंकर के इस अपमान को सह न सकी। उन्होंने अपने उस रूप को तत्क्षण वहीं योगाग्नि द्वारा जलाकर भस्म कर दिया। वज्रपात के समान इस दारूण-दुःखद घटना को सुनकर शंकरजी ने क्रुद्ध हो अपने गणों को भेजकर दक्ष के उस यज्ञ का पूर्णतः विध्वंस करा दिया। सती ने योगाग्नि द्वारा अपने शरीर को भस्म कर अगले जन्म में शैलराज हिमालय की पुत्री के रूप में जन्म लिया। इस बार वह 'शैलपुत्री' नाम से विख्यात हुई। पार्वती, हैमवती भी उन्हीं के नाम हैं। उपनिषद् की एक कथा के अनुसार इन्हीं के हैमवती स्वरूप से देवताओं का गर्व-भंजन किया था। 'शैलपुत्री' देवी का विवाह भी शंकरजी से ही हुआ। पूर्वजन्म की भांति इस जन्म में भी वह शिवजी की अर्द्धांगिनी बनीं। नव दुगाओं में प्रथम शैलपुत्री दुर्गा का महत्व और शक्तियां अनन्त हैं। नवरात्र पूजन में प्रथम दिवस इन्हीं की पूजा और उपासना की जाती है। उपासना में योगी अपने मन को 'मूलाधार' चक्र में स्थित करते हैं। यहीं से उनकी योगसाधना का प्रारम्भ होता है।




APPROVED
MDA
APPROVED
DEVBHOOMI
GREENS
DEV-BHOOMIS
MUZZAFAR NAGAR
SIMPLEX
VILLA
Amenities And Facilities
Fountain
24 Hour Security
Sewage, Drainage And Rainwater Harvesting
Self STP And Water Tank.
Lavish Gardens.
Temple, Kidzone Park
Spacious Township Along With Internal Commercial Proposal, Roadways Bus Stand , Schools, Hospital, Mall, Hotels and Many More Facilities In 1.5 Km. Radius
Club House With Swimming Pool and Badminton Court.
Double Gate Entry Bhopa Road & National Highway NH58.
INTERNAL WELCOME PARK
8923123405
Developed By :-
DEVBHOOMI
GREENS
DEVBHOOMI INFRA BUILD PRIVATE LIMITED
Site Office : Bhopa Road, Near Transport Nagar, NH-58, Muzaffarnagar